**RAJASTHAN STATE POLLUTION CONTROL BOARD**
04, झालाना संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी जयपुर – 302004
फोनः 5101871, 5101872, ईपीबीएक्सः 5159600, 5159699 फैक्सः 5159694–97

## प्रेस विज्ञप्ति

जयपुर, 5 जून, 2018, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आमजन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं जनसहभागिता की भावना को जाग्रत करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल एवं वन विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से 5 जून, 2018 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस– 2018 का प्रसंग "Beat plastic pollution" रखा गया है।

राजस्थान सरकार की नीति एवं प्रयासों के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण एवं पारिस्थितिकी तंत्र को और सुदृढ करने के उद्देश्य से पूरे राज्य में जिला पर्यावरण समितियों के माध्यम से एवं आमजन के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इस संदर्भ में श्रीमती अपर्णा अरोरा, अध्यक्ष, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल ने अवगत कराया कि दिल्ली में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में 3–5 जून तक इंडिया गेट के पास राजपथ पर राज्य मंडल द्वारा विभिन्न उद्योगों को सम्मिलित करते हुए एक प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें रिन्यूएबल एनर्जी, वेस्ट टू प्रोडक्ट, वेस्ट रिसाइकल, नदी संरक्षण एवं वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट इत्यादि के मॉडल एवं वीडियो क्लिप प्रदर्शित किये जा रहे हैं।

राज्य स्तर पर इस वर्ष राजधानी जयपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को माननीय श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, वन एवं पर्यावरण मंत्री, राजस्थान सरकार द्वारा प्रातः 6:00 बजे ''रन फॉर एनवायरमेन्ट रैली का शुभारम्भ किया जायेगा। रैली एस.एम.एस स्टेडियम (ईस्ट गेट) से प्रारम्भ होकर रामबाग सर्किल, जे.डी.ए. सर्किल, गांधी सर्किल, गांधीनगर मोड, टोंक रोड होते हुए एस.एम.एस. स्टेडियम पर समाप्त होगी। राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, सेना व पुलिस के जवान, एन. सी. सी. के कैड्टिस, स्काउट एवं गाइड्स के छात्र–छात्राऐं, अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के छात्र, एन. जी. ओ. एवं आमजन भी रैली में सम्मिलित होगें।

इनके अतिरिक्त जिला स्तर पर जिला वन अधिकारी के माध्यम से इस अवसर पर ड्राइंग एवं पेंटिंग, क्विज, रैंली, वर्कशॉप, सेमिनार एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

श्रीमती अरोरा ने जानकारी दी कि विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित ''रन फॉर एनवायरमेन्ट'' का उद्देश्य वन एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्द्धन तथा प्लास्टिक प्रदूषण रोकने को जन आन्दोलन बनाने हेतु चेतना जाग्रत करना है। यह आमजन के लिए पर्यावरण के प्रति अपने समर्पण एवं भावनाओं की अभिव्यक्ति का भी एक सुअवसर है।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए आमजन से उन्होंने अपील की है कि उपरोक्त कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में पुरूष, महिलाएं तथा बच्चे सम्मिलित होकर सम्पूर्ण आयोजन को सफल एवं प्रभावी बनाने में सहयोग प्रदान करें।

दिनांक 2 जून, 2018

अजय कुमार गुप्ता
(सदस्य सचिव)

श्रीमान प्रमुख सम्पादक ,

...............................................

...............................................

Scanned by CamScanner